RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार, 14 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 232 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## लातूर में 6300 रुपये का मांझा जब्त, व्यापारी के खिलाफ मामला दर्ज



**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर जिले में मकर संक्रांति से पहले पुलिस ने शुक्रवार को 6,300 रुपये के प्रतिबंधित 'मांझा' (नायलॉन मांझा) जब्त किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपराध शाखा के निरीक्षक गजानन भटलावंडे ने बताया कि राज्य सरकार ने ऐसे मांझों के उपयोग पर रोक लगा दी है जिनके निर्माण में धातु या कांच के चूरे का इस्तेमाल किया गया है। इनसे पक्षियों, जानवरों और मनुष्यों के लिए खतरा बढ़ जाता है। बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने पिछले महीने स्थानीय निकायों को नायलॉन मांझा के उपयोग को रोकने के लिए औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया था, जिसके बाद लातूर पुलिस ने इस उद्देश्य के लिए विशेष दस्ते का गठन किया था। भटलावंडे ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लेबर कॉलोनी की एक दुकान पर छापा मारा गया और 6,300 रुपये मूल्य का पतंग का मांझा जब्त किया गया।

### अब आशा वर्कर्स के साथ गली-गली घूमेंगे
# बीएमएस डॉक्टर
### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बीएमसी करेगी नियुक्त



**100 दिन में 2 लाख मुंबईकर इन क्लिनिकों के जरिए अपना इलाज करा चुके हैं**

**मुंबई:** एमबीबीएस और एमडी डॉक्टरों के बाद अब बीएमसी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बीएमएस डॉक्टरों की तलाश कर रही है। डॉक्टरों के अलावा स्वास्थ्य विभाग सहायक नर्सों और दाइयों (एएनएम) की भी तलाश कर रहा है। मुंबईकरों को घर के पास बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए बीएमसी ने अपने प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र को मजबूत करना शुरू कर दिया है। बीएमसी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अपने बजट में 200 एचबीटी क्लीनिक खोलने की घोषणा की थी। 2 अक्टूबर से चरणबद्ध तरीके से 66 क्लिनिक और पॉलि-क्लिनिक शुरू किए हैं और आने वाले 26 जनवरी तक एचबीटी क्लिनिक की संख्या 100 करने जा रही है। इन क्लिनिकों को मुंबईकरों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। पिछले 100 दिनों में 2 लाख से अधिक मुंबईकर इन क्लिनिकों के जरिए अपना इलाज करा चुके हैं।

**बीएमएस डॉक्टरों की तलाश**

वर्तमान में एचबीटी क्लीनिक में एमबीबीएस डॉक्टर हैं और पॉलीक्लिनिक में विशेषज्ञ के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, त्वचा विशेषज्ञ, चिकित्सक और दंत चिकित्सक हैं। लेकिन, अब घर-घर तक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बीएमसी अनुबंधित बीएमएस डॉक्टरों की तलाश कर रही है, जिसके लिए वे 42,000 रुपये मासिक भुगतान करने को तैयार हैं। साथ ही 22,000 रुपये के वेतन पर एएनएम की भ र्ती भी होगी। कोविड में कार्य करने का अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अधिक वरीयता दी जाएगी। बीएमसी की कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंगला गोमारे ने कहा कि हेल्थपोस्ट के जरिए मुहैया होने वाले स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इन डॉक्टरों की नियुक्ति की जा रही है।

## कुर्ला में बीएमसी ठेकेदार पर 45 करोड़ के टेंडर को लेकर फायरिंग पुलिस ने किया खुलासा 4 लोग गिरफ्तार



**मुंबई :** 45 करोड़ के टेंडर को लेकर बीएमसी कांट्रैक्टर पर गोलीबारी की घटना..मामले मे मुंबई पुलिस ने शार्पशूटर के साथ कुल 4 लोगो को किया गिरफ्तार. पिछले दिनों मुंबई के कुर्ला इलाके मे दीनदहाड़े एक् कांट्रैक्टर पर कुछ लोगो ने गोली चलाई और मौके से भाग गए.. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 3 टीमों का गठन किया और जाँच सुरु कर दी. इलाके के cctv फूटेज और मुखबिरो से मिली जानकारी के बाद कल रात मुंबई पुलिस की तीनो टीमें ने मिलकर इन 4 आरोपियों को भिवंडी इलाके से गिरफ्तार कर लिया.. गिरफ्तारी के बाद जाँच मे चौकाने वाले खुलासे हुए है.. पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों का क्रिमिनल रिकॉर्ड है और ये लोग सुपारी लेके हत्या और लूट की वारदात को अंजाम दिया करते है. इस मामले मे और भी कुछ लोगो के नाम का खुलासा हुवा है जिनकी तलाश मे पुलिस अभी भी जुटी है..बता दे की bmc कांट्रैक्टर को फुटपाथ रिपेयरिंग के लिए बीएमसी से 45 करोड़ का ठेका मिला था जिसके चलते उस कांट्रैक्टर पर फायरिंग की गई हालांकि राहत की बात यह रही कि कांट्रैक्टर को गोली नहीं लगी और वह बच गया. अब इस मामले मे चारो आरोपियों से पुलिस हर एंगल से पूछताछ कर रही है.. पुलिस का दावा है की इस मामले मे आने वाले दिनों मे किसी बड़े नाम का खुलासा होगा.

### पनवेल से हर दुसरे दिन लापता हो रहे लोग,
# 25 दिन में 14 लोग हुए गायब




**नवी मुंबई :** पनवेल तहसील के तहत आने वाले क्षेत्रों से लोगों के लापता होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। विगत 25 दिनों के दौरान अब तक 14 लोग पनवेल से गायब हो चुके हैं, जिसमें महिला, युवती, बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों का समावेश है। जिसमें से कुछ लोगों के अपहरण होने की संभावना भी परिजनों द्वारा व्यक्त की गई हैं। पनवेल तहसील के क्षेत्र में हर दूसरे दिन कोई ने कोई लापता हो रहा है। लोगों के लापता होने का कारण नहीं स्पष्ट हो रहा है। गुमशुदगी की बढ़ती घटनाओं ने नागरिकों के साथ-साथ पुलिस महके की चिंता भी बढ़ा दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 12 जनवरी 2023 को पनवेल के तहत आने वाले करंजाडे से अंकित कांबले नामक युवक की गुमशुदगी की शिकायत पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है, जबकि 11 जनवरी 2023 को खांदेश्वर पुलिस स्टेशन की हद से 70 साल की लता अरविंद वालवालकर नामक महिला लापता हुई। वहीं पनवेल शहर पुलिस स्टेशन की हद से अंशुल सिंह नामक 24 साल का युवक गायब हुआ। संबंधित पुलिस स्टेशनों में इन दोनों की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 9 जनवरी को पनवेल के तहत आने वाले तक्का इलाके में रहने वाली एक विवाहिता अपनी एक साल की बच्चे के साथ लापता थी, जबकि 8 जनवरी को कलंबोली स्थित स्टील मार्केट इलाके से एक युवक के लापता होने का मामला प्रकाश में आया था।

**एक ही परिवार के 5 लोग हुए थे गुम**

बता दें कि 4 जनवरी को तलोजा स्थित पडघे गांव से एक नाबालिग लड़की लापता हुई थी। जिसकी शिकायत तलोजा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है।

# पॉलिसी ऑनलाइन रिन्यू करने के लिए फोन आए तो आप हो जाएं सतर्क
### रिन्यूअल के बहाने हो रही ठगी, तीन गिरफ्तार...

**भायंदर :** अगर आपको आपकी पॉलिसी ऑनलाइन रिन्यू करने के लिए फोन आए तो आप सतर्क हो जाएं। पुलिस ने नामी और बड़ी इंश्योरेंस कंपनियों की पॉलिसी रिन्यूअल, अपडेट अथवा सरेंडर करने का झांसा देकर पॉलिसी होल्डर्स के साथ ठगी करने करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया हैं। उनके पास से लैपटॉप ,10 मोबाइल, 10 डेबिट कार्ड आदि बरामद हुआ है।आरोपियों में सलीम अकबर सिद्दीकी-डीबी ओजोन बिल्डिंग दहिसर चेकनाका, चांद वकील अहमद और आफताब अशरफ शेख मालवणी, मुंबई के रहने वाले हैं। डीसीपी अविनाश अंबुरे ने



बताया कि आरोपियों ने अब तक 40 पॉलिसी होल्डर्स से 11 लाख रुपए की ठगी की है। आरोपी खुद को बैंक कर्मचारी बताते थे और वॉलेट स्कैनर भेज कर पैसे मंगाते थे। इसी तरह की ठगी का शिकार मीरा रोड के प्रवीण मेहता हुए थे। उन्होंने अपने साथ हुई 33 हजार रुपए की ठगी की शिकायत सायबर शाखा में दर्ज कराई थी।

डीसीपी ने कहा कि तफ्तीश में हमें पता चला की मेहता से ठगे गए पैसे एक एटीएम से विड्रोल किए गए हैं। आरोपी एटीएम वाली बिल्डिंग में रहते थे। आरोपी गैरकानूनी ढंग से पॉलिसी का डेटा हासिल कर लेते थे और फिर पॉलिसी होल्डर्स को बैंक कर्मचारी बनकर फोन करते थे और ऑनलाइन पैसा मंगा लेने के बाद पॉलिसी रिनुअल, अपडेट या सरेंडर हो जाने की पीडीएफ कॉपी शिकार को भेज देते थे।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# विशेषज्ञता का सम्मान...!

अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वालों को उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रोफेसर के पद पर नियुक्त करने के फैसले के अनुरूप विभिन्न विश्वविद्यालयों की ओर से जो कदम बढ़ाए जा रहे हैं, उससे यह आशा बलवती होती है कि अब छात्रों को योग्य शिक्षक मिलने के साथ ही शिक्षकों की कमी भी दूर होगी। प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस कहे जाने वाले ऐसे शिक्षक छात्रों के पेशेवर कौशल को निखारने के साथ उन्हें विभिन्न उद्योगों और व्यवसायों के अनुरूप ढालने में भी समर्थ होंगे। यह ध्यान रहे कि उद्योग-व्यापार जगत इसकी शिकायत करता आ रहा है कि उसे अपनी आवश्यकता के अनुरूप युवा नहीं मिल रहे हैं। नि:संदेह इसका एक कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी तो है ही, छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान का अभाव भी है।

यह अच्छा हुआ कि नई शिक्षा नीति बनाने वालों ने यह समझा कि अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त लोगों की कमी नहीं। अभी तक ऐसे लोग उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षक की भूमिका निभाने में इसलिए समर्थ नहीं थे, क्योंकि वे पीएचडी धारक नहीं होते थे या फिर उन्होंने नेट पास नहीं किया होता था। इंजीनियरिंग, विज्ञान, मीडिया, उद्यम आदि क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ सिविल सेवक और सैन्य बलों के पेशेवर प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस के तौर पर अधिकतम तीन वर्ष के लिए नियुक्त किए जा सकते हैं। कुछ विशेष मामलों में उन्हें एक वर्ष का सेवा विस्तार भी दिया जा सकता है। ज्ञात हो कि अनेक विशेषज्ञता प्राप्त लोग 58 या 60 वर्ष में सेवानिवृत्त हो जाते हैं। इसके बाद बतौर शिक्षक उनकी सेवाएं लेने की परंपरा नहीं थी। प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस के रूप में जो एक नई परंपरा शुरू की जा रही है, उसका स्वागत किया जाना चाहिए। चूंकि इस अभिनव योजना के पदों को स्वीकृत शैक्षणिक पदों से अलग रखा गया है, इसलिए किसी को यह भी शिकायत नहीं होगी कि दूसरों के अधिकारों का अतिक्रमण किया जा रहा है, लेकिन अच्छा यह होगा कि स्कूली शिक्षा के स्तर पर भी विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की शिक्षक के रूप में सेवाएं लेने पर गंभीरता से विचार किया जाए?

ऐसा इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि स्कूली शिक्षा के स्तर पर योग्य शिक्षकों के अभाव की जो समस्या है, वह किसी से छिपी नहीं। इस समस्या के चलते छात्रों को उस तरह शिक्षित नहीं किया जा पा रहा है, जैसा कि अपेक्षित है। यदि स्कूली स्तर पर छात्रों को सही तरह शिक्षित करने के साथ उनके व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सके तो इसका लाभ उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ देश को भी मिलेगा। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जैसे उच्च शिक्षा संस्थान योग्य शिक्षकों के अभाव का सामना कर रहे हैं, वैसे ही प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के भी शिक्षा संस्थान। यह ध्यान रखा जाए तो बेहतर कि योग्य शिक्षक ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार बनते हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 31 घातक हथियार लेकर परवेज अजमेर से आ रहा था महाराष्ट्र

## पुलिस ने बीच रास्ते में पकड़ा... 8 तलवारें, 10 बड़े चाकू बरामद



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मालेगाँव में घातक हथियार का जखीरा बरामद हुआ है। इस सिलसिले में पुलिस ने परवेज आलम नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया है। परवेज अजमेर से आ रही बस में हथियारों के साथ सफर कर रहा था। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस ने अजमेर से मालेगाँव लाए जा रहे घातक हथियारों की खेप को शहर में प्रवेश करने से पहले ही बरामद कर लिया। जानकारी के मुताबिक पवारवाडी पुलिस ने मुंबई-आगरा हाईवे पर नाका लगाकर अजमेर से आ रही बस की तलाशी ली। इस दौरान बस से घातक हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने हथियारों को जब्त कर परवेज आलम (29साल) नाम के शख्स को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित परवेज के खिलाफ मामला दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक परवेज मालेगाँव के रसूलपुरा का रहने वाला है।

पुलिस अधीक्षक अनिकेत भारती ने जानकारी दी है कि 10 जनवरी, 2023 को गुप्त सूचना के आधार पर पवारवाडी पुलिस ने यह कार्रवाई की। दरअसल, पवारवाडी थाने को सूचना मिली थी कि अजमेर से घातक हथियारों की खेप मालेगाँव पहुँचाई जा रही है। सूचना मिलते ही निरीक्षक सुधीर पाटिल ने अपनी टीम के साथ मुंबई-आगरा हाईवे पर नाकेबंदी कर दी। जैसे ही अजमेर से नासिक जा रही ट्रेवल बस मालदे शिवार पहुँची, पुलिस ने उसे तलाशी के लिए रोक लिया। इस दौरान एक बैग से आठ तलवारें, आठ दस्ताने, दस बड़े चाकू समेत 31 तरह के धारदार हथियार मिले।

हथियार जब्त कर पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन हथियारों को मालेगाँव में किस स्थान पर पहुँचाया जा रहा था। जब्त किए गए हथियार लगभग 17,400 रुपए के बताए जा रहे हैं। टाइम्स नाउ के एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में महाराष्ट्र के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों जैसे नांदेड़, औरंगाबाद और जलगाँव से कई हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।


# ठाणे में लड़की ने अपने घर से ही गहने चुराए...



**ठाणे :** ठाणे में एक लड़की ने अपने ब्वॉयफ्रेंड का बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए अपने ही घर से गहने चुराएं। जब उसकी चोरी पकड़ी गई तो उसने अपने आप को बचाने के लिए अपने एक दोस्त पर उसकी अश्लील तस्वीरें निकाल कर ब्लैकमेलिंग करने का इल्जाम मढ़ दिया। जब लड़की के घरवालों ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई तब पुलिस ने लड़के के बयान के मुताबिक उस नाबालिग लड़के को पकड़ा जिस पर लड़की ने अश्लील तस्वीर को सोशल मीडिया में अपलोड करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था। उसने पुलिस के डर से उस एक ज्वेलर का पता भी बता दिया।

# ठाणे में एक महिला को फेसबुक पर दोस्ती करना पड़ा भारी...

## फ्रेंड ने महिला से ठगे 22 लाख रुपये




**मुंबई :** मुंबई के ठाणे शहर में एक महिला को फेसबुक पर की गई दोस्ती भारी पड़ गई। महिला के फेसबुक दोस्त ने उसे लाखों रुपयों की चपत लगा दी है। ठाणे की एक 36 साल की महिला से एक व्यक्ति ने कथित तौर पर 22.67 लाख रुपये की ठगी की है। महिला ने सभी की तरह ही उससे फेसबुक पर दोस्ती की थी। लेकिन वह इस बात से अंजान थी कि महिला ही लाखों की ठगी की ही शिकार हो जाएगी।यह जानकारी पुलिस ने शुक्रवार को दी जिसमें फेसबुक की दोस्ती महिला को चूना लगा गई है।

### लाखों रुपयों और गहनों की हुई ठगी

ठाणे के पुलिस अधिकारी ने महिला के साथ ठगी के संबंध में गुरुवार को मामला दर्ज किया था। दरअसल ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम करने वाली महिला को फरवरी 2022 में एक शख्स ने फेसबुक पर फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट भेजी थी। जब उन्होंने रोजाना तौर पर ऑनलाइन चैट करना शुरू किया, तो उस व्यक्ति ने मौके का फायदा उठा लिया। महिला के दोस्त ने पैसे पाने के लिए अपनी मां की बीमारी का बहाना बनाया था। महिला की दोस्त ने उससे कहा कि उसे अपनी मां के इलाज के लिए पैसों की अरजेंट आवश्यकता है। उसकी बातों में आकर महिला ने मदद के उद्देश्य से उसे पैसे भेज दिए थे। महिला के अनुसार उसके साथ ऐसा कई मौकों पर हुआ था। महिला ने कथित तौर पर अपने फेसबुक दोस्त को 7 लाख 25,000 रुपये का भुगतान किया और उसे 15 लाख 42 हजार 688 रुपये के आभूषण भी दिए थे।

### भुगतान न करने के लिए बचने लगा था आरोपी

महिला ने बताया कि जब उसने अपने फेसबुक दोस्त से पैसों का भुगतान करने के लिए कहा तो वह उससे बचने लगा था। वह भुगतान ने करने के लिए तरह तरह के बहाने बनाने लगा था।

# बंजर जमीनों पर लहलहा रही हरे सोने की फसल



**पालघर :** राज्य सरकार लगातार किसानों की आय दोगुना करने का दावा करती है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। सरकार किसानों की कोई मदद नहीं कर रही है। यही वजह है कि किसान अब खुद अपने ही बूते खेती-किसानी को मुनाफे वाला काम बनाने की कोशिशों में जुट गए हैं। इसी कड़ी में पालघर जिले के किसान ऐसी फसलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं, जो कम लागत में ज्यादा मुनाफा दे सकती है। इस क्रम में जिले के विक्रमगढ़, जव्हार जैसे ग्रामीण इलाकों के रहनेवाले सैकड़ों आदिवासी किसानों के बीच बांस की खेती का चलन तेजी से बढ़ रहा है। बांस को हरा सोना कहा जाता है। ये भी कहा जाता है कि बंजर से बंजर भूमि को बांस की खेती से उपजाऊ बनाया जा सकता है।

किसानों को बांस की खेती के लिए एक संस्था लगातार प्रोत्साहित कर रही है और खुद भी संस्था जव्हार में १८ एकड़ जमीन में बांस की खेती कर रही है। बांस की बुवाई के बाद किसान इससे तकरीबन ४० से ६० साल तक मुनाफा कमा सकते हैं। विक्रमगढ़ के टेटवाली, चिंचपाड़ा, वाणीपाड़ा, वाकी जैसे २० गांवों के किसानों ने अपनी खाली पड़ी जमीनों में बांस की खेती शुरू की है। इसके उपयोग से कार्बनिक कपड़े बनाए जाते हैं। इससे कई तरह के प्रोडक्ट भी बनाए जाते हैं। सजावटी सामानों को बनाने में भी बांस का उपयोग किया जाता है। मध्य प्रदेश, असम, कर्नाटक, नागालैंड, त्रिपुरा, उड़ीसा, गुजरात, उत्तराखंड व महाराष्ट्र आदि राज्यों में इसकी खेती बड़े स्तर पर की जाती है।



# राज्य सरकार ने मनपा को दी एमएमआरडीए मैदान तैयार करने की जिम्मेदारी

## 75 हजार लोगो के बैठने की करनी होगी व्यवस्था




**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 जनवरी को मुंबई आगमन होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान मनपा के लगभग 12 कामों का भूमिपूजन करेंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य सरकार अधिकारियो सहित मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया।इस दौरान राज्य सरकार ने बांद्रा स्थित बीकेसी के एमएमआरडीए मैदान में प्रधानमंत्री मोदी की होने वाली सभा की पूरी तैयारियों की जिम्मेदारी मनपा पर सौंपी गई है।

बता दे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई दौरे में शाम के समय बीकेसी ग्राउंड से सभा को संबोधित करेंगे इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के आगमन के बाद एयरपोर्ट से बीकेसी जाने वाले रास्ते पर बिजली की अधिक सुविधा उपलब्ध कराने से लेकर अन्य सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।बीकेसी ग्राउंड पर वाहनों के पार्किंग से लेकर लोगो को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

मनपा के कई बड़े प्रोजेक्ट्स का भूमिपूजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों किया जायेगा। जिसमे शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट शामिल हैं। कुल मिलाकर, सात संयंत्रों पर मनपा लगभग 26,000 करोड़ रुपये के करीब खर्च करेगी। यह प्रोजेक्ट शुरू होने पर मनपा द्वारा शुरू की गई सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। मनपा सीवेज डिस्पोजल प्रोजेक्ट -2 के तहत वर्ली, बांद्रा, धारावी, वसोर्वा, मलाड, घाटकोपर और भांडुप में 2,464 मिलियन लीटर सीवेज दैनिक (एमएलडी) की उपचार क्षमता वाले सात एसटीपी की शुरूआत करेगी। इसके अलावा 6,000 करोड़ रुपये के सीमेंट कंक्रीट सड़कों के भूमिपूजन की भी योजना है, जो शहर में 400 किलोमीटर तक होगी । इसके अलावा फेरीवालों का पीएम स्वनिधि योजना और भांडुप में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल सहित दो और अस्पतालों के कामो का भूमिपूजन किया जाएगा ।बैठक में मौजूद एक अधिकारी ने बताया कि मैदान के नजदीक के मनपा वार्डों को मैदान में समय पर तैयारियां सुनिश्चित कर कहा गया है. अधिकारी ने कहा,बीकेसी की सभा में लगभग ह्र60,000 लोगों के आने की उम्मीद है, जबकि अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए अतिरिक्त 15,000 लोगों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है ।

# 500 करोड़ की जालसाजी में मुंबई का बिल्डर गिरफ्तार...



**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई के रियल एस्टेट कंपनी के प्रमोटर को 500 करोड़ की जालसाजी में गिरफ्तार किया है। ईडी अधिकारी ने बताया कि करन ग्रुप बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के प्रमोटर महेश भूपतकुमार ओझा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 10 जनवरी को जेल से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले उसे बंगलूरू पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि एक निवेशक ने ओझा के कई प्रोजेक्ट में निवेश किया था और उसकी शिकायत पर कर्नाटक पुलिस की कई एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि निवेशक ने ओझा व अन्य परियोजनाओं में 526 करोड़ निवेश किए थे। बाद में बैंक एंट्री के लिए कमीशन व अन्य भुगतान के नाम पर धोखाधड़ी की गई। इस रकम में से 121.5 करोड़ ओझा के प्रोजेक्ट में निवेश किया था।

### साईं बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे यात्री

# बस और ट्रक के बीच टक्कर...10 लोगों की मौत, कई घायल



महाराष्ट्र में शुक्रवार सुबह एक बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसा नासिक-शिरडी हाईवे पर हुआ है। बताया जा रहा है कि बस में 50 लोग सवार थे। सभी साईं बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे। इस घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि बस पूरी तरह से चकना चूर हो गई है। घटना स्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पुलिस और बचाव दल पहुंचा। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक मृतकों में 6 महिलाएं, 2 पुरुष और 2 बच्चे शामिल हैं। घायलों में कुछ की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है।

**मृतकों के परिवारों को 5 लाख देने की घोषणा**

महाराष्ट्र CM एकनाथ शिंदे ने हादसे में हुई लोगों की मौत पर शोक जताया है। मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की है। साथ ही अधिकारियों को घटना की जांच के आदेश दिए हैं। महाराष्ट्र के नासिक में बाइक सवार को टक्कर मारने की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। हादसा 9 दिसंबर को नासिक के जेल रोड इलाके में हुआ। हादसे का वीडियो वहां लगे उउळश में कैद हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने वीडियो में दिखाई दे रही स्कॉर्पियो पर मामला दर्ज कर लिया है।

## हत्या के आरोप में 'हिंदू राष्ट्र सेना' के नौ सदस्यों को आजीवन कारावास...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पुणे में एक अदालत ने बृहस्पतिवार को 'हिंदू राष्ट्र सेना' नामक संगठन के नौ सदस्यों को प्रकाश गोंधले की हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। गोंधले पर 8 जुलाई, 2013 को देर शाम उस वक्त धारदार हथियारों से हमला किया गया जब वह अपने घर जा रहे थे। गोंधले ने घटना से एक माह पहले संगठन के कुछ सदस्यों के खिलाफ घर के दरवाजे को आग लगाने का केस दर्ज कराया था।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यक्ति पर जानलेवा हमला, तीन गिरफ्तार




**नालासोपारा :** पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवक पर हुए जानलेवा हमला मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 8 जनवरी को आरोपियों ने 20 वर्षीय व्यक्ति और उसके दोस्त पर कथित तौर पर हमला किया था, जिससे दोनों घायल हो गए थे। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 2 शातिर बदमाश गिरफ्तार



**बसई :** पेल्हार पुलिस स्टेशन की अपराध शाखा की टीम ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कई दोपहिया वाहन भी जब्त किया है। गिरफ्तार दोनों बदमाशों के खिलाफ राजस्थान सहित महाराष्ट्र में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार मीरा-भाईदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय परिमंडल -3 डीसीपी सुहास बावचे, एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में पीआई (क्राइम ) महेंद्र शेलार की टीम ने 3 जनवरी को वाकनपाडा क्षेत्र से हुए मोटर साइकिल चोरी मामले में अनिल कुमार सुरजनलाल बिष्णोई (23) और रामाराम मोबताराम सुतार (25) को रफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चार दोपहिया वाहन जब्त किया है।

### नायलान के मांझे की बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध



**ठाणे :** मकर संक्रांति पर्व पर पंतग उड़ाने की परंपरा है। नायलान के मांझे से पक्षियों और मानव जीवन को गंभीर चोट लगने की आशंका को देखते हुए सरकार ने नायलॉन के मांझे की थोक और खुदरा बिक्री पर रोक लगा दी है। जिला प्रशासन ने जिले में नायलॉन के मांझे के प्रयोग को रोकने के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं मकर संक्रांति पर नायलान की मांझे से हादसों की संख्या बढ़ जाती है। ज्यादातर मामलों में यह मांझा नागरिकों की गर्दन पर हमला और साथ-साथ जान गंवाने का खतरा बढ़ जाता है।

### रेलवे स्टेशन से मोबाइल चोर गिरफ्तार



**वसई :** नालासोपारा रेलवे आरपीएफ के महेंद्र यादव, संजय कुमार, कृष्णा सैनी और जगदीश मीणा व एच. सी. राव साहेब मांजरे ने 12 जनवरी को नालासोपारा स्टेशन की निगरानी (टीओपीबी) के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 1 से आदित्य छोटेलाल दुबे (20) निवासी- नालासोपारा पूर्व को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान उसने यात्री की जेब से मोबाइल ( 15490 रुपये ) चोरी करने की बात कबूल किया है।

## ऑनलाइन जालसाज ने नौकरी का झांसा दे कर महिला से पांच लाख रुपये ठगे




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 26 वर्षीय एक महिला से एक अज्ञात ऑनलाइन जालसाज ने नौकरी का झांसा देकर पांच लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, महिला ने पुलिस को बताया कि उसने चार जनवरी को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नौकरी का विज्ञापन देखा। जिस वेबसाइट पर विज्ञापन निर्देशित किया गया था, उसने नौकरी पाने से पहले कुछ शुरूआती भुगतानों की मांग की थी। महिला ने अगले छह दिनों में कुल 5,38,173 रुपये का भुगतान किया। लेकिन जब उसने दिए गए नंबरों पर संपर्क किया तो कोई जवाब नहीं मिला। ठगे जाने का अहसास होने पर महिला ने शहर के चीतलसर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# विधान परिषद चुनाव को लेकर बढ़ गई है सरगर्मी

### कांग्रेस के सुधीर तांबे ने अंतिम समय में नाम वापस लिया



**मुंबई:** महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। गुरुवार को नाम वापसी के आखिरी दिन नासिक में कांग्रेस की किरकिरी हो गई। नासिक ग्रैजुएट सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार सुधीर तांबे ने अंतिम समय में अपना नाम वापस ले लिया। उनके बेटे और महाराष्ट्र युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सत्यजीत तांबे ने निर्दलीय नामांकन भरा है। सुधीर तांबे का नाम वापस लेना कांग्रेस को झटका माना जा रहा है। दूसरी ओर, बीजेपी ने उम्मीदवार नहीं उतारा है। विधानपरिषद की ग्रैजुएट और टीचर्स के लिए आरक्षित पांच सीटों पर 30 जनवरी को चुनाव हैं।

महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और महाविकास अघाड़ी सरकार में कैबिनेट मंत्री बालासाहेब थोराट के बहनोई सुधीर तांबे पिछले तीन कार्यकाल यानी 18 वर्ष से महाराष्ट्र विधान परिषद में नासिक ग्रैजुएट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कांग्रेस ने उन्हें फिर से उम्मीदवारी दी थी, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने नाम वापस लेते हुए कि अपने बेटे सत्यजीत को समर्थन दिया। अब सत्यजीत तांबे एमवीए के उम्मीदवार हैं। तांबे ने साफ किया कि उन्होंने चुनाव न लड़ने के फैसले के बारे में पार्टी नेतृत्व को पहले ही बता दिया था।

दूसरी ओर, सत्यजीत तांबे ने निर्दलीय पर्चा दाखिल करते कहा कि मैं चाहता हूं कि चुनाव में बीजेपी मुझे वोट दे। सभी जानते हैं कि उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मेरे स्नेहपूर्ण संबंध हैं।' इस पर महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि अगर सत्यजीत ने समर्थन मांगा, तो हम इस पर विचार कर सकते हैं।

## पैसे के विवाद में दोस्त ने सिर में रॉड डालकर दोस्त को उतारा मौत के घाट...




**महाराष्ट्र :** पुणे से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. पैसे के विवाद में दोस्त ने दोस्त की हत्या कर दी है। घटना पुणे के अंबेगांव इलाके में रात करीब ढाई बजे हुई। इस मामले में भारती विश्वविद्यालय थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है. मारे गए शख्स का नाम राहुल डंगट है। इस मामले में आरोपी का नाम सुशांत अरुडे है. राहुल डंगट की हत्या कर सुशांत फरार हो गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

घटना के बारे में अधिक जानकारी यह है कि बीती रात पैसे को लेकर राहुल डंगट का आरोपित सुशांत अरूडे से विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपी सुशांत ने राहुल डंगट को लोहे की रॉड से पीटा। सिर में रॉड लगने से राहुल डंगट की मौत हो गई। राहुल की मौत के बाद आरोपी फरार हो गया है। इस मामले में भारती विश्वविद्यालय थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने बताया कि फरार आरोपित की तलाश की जा रही है। यह घटना रात करीब 2.30 बजे हुई। घटना के सामने आने के बाद इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और नागरिकों में दहशत का माहौल है। पुलिस फरार आरोपित की तलाश कर रही है।

# शिंदे-फडणवीस सरकार की घोषणा

## महाराष्ट्र में 20 हजार आंगनबाड़ी कर्मचारियों की भर्ती जल्द,



**मुंबई :** प्रदेश में आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं और मिनी आंगनबाड़ी सेवकों के 20 हजार से अधिक पदों पर भर्ती को मंजूरी दी गई है। इस भर्ती प्रक्रिया को छह माह में पूरा करने के भी निर्देश दिए गए हैं। यह घोषणा राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आंगनबाड़ी कर्मचारियों को नए मोबाइल फोन और बीमा की सुविधा देने के अलावा उनके वेतन वृद्धि पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, आंगनबाडी कर्मचारियों के वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जा सकती है। गुरुवार को राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकताओं की विभिन्न मांगों पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में सीएम के वर्षा आवास पर बैठक हुई। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मुख्य सचिव मनुकुमार श्रीवास्तव, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज सौनिक, एकीकृत बाल विकास सेवा आयुक्त रूबल अग्रवाल सहित महाराष्ट्र राज्य आंगनबाड़ी वर्कर्स एक्शन कमेटी, आंगनबाड़ी कार्यकताओं के विभिन्न संगठन-समितियों के पदाधिकारी शामिल हुए। सीएम शिंदे ने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के तहत एकमुश्त लाभ योजना देने के लिए राज्य सरकार की तरफ से एलआईसी को 100 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के लिए मौजूदा कक्षाओं और किराए के समीक्षा करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समीक्षा के बाद नगर निगम और नगर निगम क्षेत्रों के स्कूलों में इन कक्षाओं के संचालन के संबंध में आदेश दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मचारियों को कोविड काल में उल्लेखनीय सेवा के लिए घोषित प्रोत्साहन भत्ता शीघ्र दिया जाएगा।

# एसटी कर्मचारियों के वेतन के लिए 300 करोड़

**मुंबई :** एसटी महामंडल के कर्मचारियों को पिछले कुछ महीनों से समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। जनवरी महीने की 12 तारीख निकल जाने के बावजूद वेतन नहीं मिलने के आसार देखते हुए कर्मचारी संगठनों ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। इस मामले में सरकार ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए एसटी महामंडल को 300 करोड़ रुपए देने का निर्णय लिया।



मिली जानकारी के अनुसार 300 करोड़ रुपए की रकम से कर्मचारियों के बैंक एकाउंट में मूल वेतन की रकम की जाएगी। इसमें ग्रेजुएटी और पीएफ के पैसे नहीं भरे जाएंगे। एसटी कर्मचारियों की हड़ताल के वक्त सरकार ने अदालत में हर महीने की 10 तारीख को वेतन देने का आश्वासन दिया था, इसके बावजूद कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। जनवरी महीने की 12 तारीख निकल जाने के बावजूद वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी संगठनों ने आक्रामक रूप दिखाते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद हरकत में आई सरकार ने एसटी महामंडल को 300 करोड़ रुपए का निर्णय लिया। इधर एसटी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने पर राकांपा ने सवाल उठाए हैं। राकांपा के मुख्य प्रवक्ता महेश तपासे ने कहा कि 90 हजार एसटी कर्मचारियों को जनवरी महीने का वेतन नहीं मिला है। उन्होंने सवाल किया कि गुणरत्न सदावर्ते और गोपीचंद पडलकर की एसटी कर्मचारियों से सहानुभूति कहां चली गई? ये दोनों अब कहां चले गए?

तपासे ने कहा कि महाविकास आघाड़ी सरकार के वक्त कर्मचारियों के वेतन के लिए हर माह 360 करोड़ रुपए का प्रावधाान किया गया था। अब छह महीने से शिंदे-फडणवीस सरकार आने पर कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। यह बात दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आघाड़ी सरकार के वक्त सदावर्ते और पडलकर ने एसटी कर्मचारियों का मसीहा बनने की कोशिश की थी, अब उनकी क्या भूमिका है, यह बात उन्हें जनता के समक्ष घोषित करनी चाहिए।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com